<u>संदेश</u>

गणेश चतुर्थी के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

गणेशजी ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के देवता हैं। प्रत्येक नया कार्य शुरू करने से पहले उनकी पूजा की जाती है। महान स्वतंत्रता सेनानी, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में लोगों को जोड़ने के लिए गणेश चतुर्थी के पर्व को बढ़ावा दिया। आइए, इस दिन हम सब एकजुट होकर एक मजबूत, शांतिपूर्ण और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लें।

गणेशजी के जन्म के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे इस त्योहार पर भारत की प्रगति पथ की सभी बाधाएं मिट जाएं और हम सबको आनंद, खुशहाली और शांति का आशीर्वाद मिले।